हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
20 जून  2026, समय 18:10

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23 वीं किस्त जारी की। नौ करोड़, 44 लाख किसानों के खाते में 18 हज़ार, 880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डाली गई।
- मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल और हथीन में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कल होने वाली नीट यू.जी (NEET-UG) पुनर्परीक्षा की तैयारियों के अन्तर्गत देशभर में मॉक ड्रिल की गई। हरियाणा में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने के लिए नि:शुल्क बस सुविधा मिलेगी।
- हरियाणा में 12वे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम पंचकूला में होगा। योग दिवस के उपलक्ष्य में आज विभिन्न जिलों में प्रायोगिक अभ्यास किए गए।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। इस किस्त के तहत  9 करोड़ 44 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में सीधे  18 हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की।

23वीं किस्त में 2 करोड़ 18 लाख से अधिक महिला किसानों को लाभ मिलेगा।इस उपलक्ष्य में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते है कि किसान की छोटी छोटी चिंताओं का भी हल हो।

उन्होंने  कहा कि डिजिटल क्रांति के कारण इस योजना का लाभ किसानों तक बिना किसी बिचौलिए के पहुँच रहा है।

***********************************************************************

केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल में क्लॉक टावर के निकट सफाई अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने झाड़ू लगाकर स्वयं भी श्रमदान किया और लोगों से भी सफाई अभियान में सार्थक सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मोदी सरकार की 12 वर्षों की

उपलब्धियों की पुस्तिका भी लोगों को वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीपक मंगला भी मौजूद रहे। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि इन 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ है प्रधानमंत्री पर देश के लोगों का भरोसा तो बढ़ा ही है दुनिया के अन्य देशों के लोगों का भी भरोसा बढ़ा है। अमेरिका की बाल्टिक कंसल्ट सर्वे कंपनी ने नरेंद्र मोदी को दुनिया में सबसे मजबूत और लोकप्रिय प्रधानमंत्री बताया है। यह देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। श्री मोदी के हाथों में देश का खजाना सुरक्षित है और देश की सीमाएं भी सुरक्षित है। इसलिए देश लगातार आगे बढ़ रहा है।

श्री गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद-370 हटाने का कार्य किया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया। महाकाल मंदिर,केदारनाथ एवं बनारस मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है।

**********************************************************************

केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज हथीन में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया और स्वच्छता का संदेश देते हुए सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रवीण डागर एवं हरजीत डागर भी मौजूद रहे। श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास और जनकल्याण को समर्पित है।

उन्होंने कहा कि “राष्ट्र प्रथम” प्रधानमंत्री की सोच का परिचायक है। श्री गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों में जहां कृषि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुए हैं, वहीं स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने का कार्य किया गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला कॉलेज खोले गए है। इन 12 वर्षों में रेल एंव सड़क सरंचना का भी अभूतपूर्व विकास हुआ है।

**********************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कल होने वाली नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की तैयारियों के अंतर्गत आज देशभर में मॉक ड्रिल की गई। सुबह नौ बजे शुरू हुआ यह अभ्यास पूरे दिन जारी रहा। इस अभ्यास में ढाई लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। एजेंसी के अनुसार, नीट-यूजी पुनर्परीक्षा भारत के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित

की जाएगी, जिसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा में सीसीटीवी निगरानी, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन जैसी विशेष सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। हरियाणा सरकार ने नीट परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए कल परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने के लिए हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निशुल्क बस सुविधा दी है। नीट प्रवेश पत्र दिखा कर अभ्यर्थी इस सुविधा  का लाभ उठा सकते हैं।

*********************************************************************

हरियाणा में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम पंचकुला में होगा जिसमें मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज फरीदाबाद सहित विभिन्न जिलों में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रायोगिक अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया  गया। जिसमें मंडलायुक्त संजय जून तथा उपायुक्त आयुष सिन्हा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों सहित लगभग 1400 लोगों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम के दौरान “हरित योग” की थीम अनुसार वृक्षारोपण भी किया गया। अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने का आह्वान किया।

*********************************************************************

कैथल जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश राविश ने आज अतिरिक्त अनाज मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रायोगिक अभ्यास में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडिय़ों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्री राविश ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सीधा प्रसारण होगा। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल और कलायत में विधायक सतपाल जांबा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

*********************************************************************

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में भी योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। आयुष विभाग और पतंजलि के सहयोग से आयोजित इस शिविर में हजारों लोगों ने भाग लिया। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इस शिविर से राज्य सरकार की 'फिट हरियाणा' पहल को नई दिशा मिल रही है।शिविर के माध्यम से 'योग युक्त—नशा मुक्त हरियाणा' एवं औषधीय पौधारोपण द्वारा 'हरित योग' का प्रभावी संदेश दिया गया।

***********************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार स्थित नई सब्जी मंडी में 'अटल किसान-श्रमिक कैंटीन' का उद्घाटन किया।इस कैंटीन में किसानों, श्रमिकों एवं मंडी में कार्यरत मजदूरों को 10 रुपये में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। खंड कार्यक्रम प्रबंधक अनु मलिक ने बताया कि हिसार में ऐसी 6 कैंटीन हैं।

***********************************************************************